**@Shahjahanpurpol**

**प्रेस नोटः सराहनीय कार्य 01.01.2021**

**थाना कलान पुलिस को मिली बडी कामयाबी,**

**नेपाल से तस्करी की जा रही 01 करोड कीमत की 01 किलो 100 ग्राम चरस बरामद , तस्कर गिरफ्तार ।**

श्री एस. आनन्द पुलिस अधीक्षक जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार श्री निपुण अग्रवाल पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी जलालाबाद के निर्देशन मे मादक पदार्थ की तस्करी पर प्रभावी रोकथाम व तस्करो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे सघन अभियान के अंतर्गत थाना कलान पुलिस को एक बडी कामयाबी हासिल हुई।

दिनांक 01.01.2021 को थाना कलान पुलिस टीम थाना क्षेत्र मे कानून व्यवस्था बनाये रखने व तलाश वांछित अपराधी मे भ्रमणशील थी। तभी मुखबिर की सूचना पर समय करीब 7.05 बजे प्रातः गंगोरा तिराहे से अभियुक्त आस मोहम्मद खां पुत्र अली मुराद खां निवासी वार्ड नं0 8 डा0 नजीर के पास कस्बा व थाना उसैहत बंदायू को 1100 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध मे थाना कलान पर मु0अ0सं0 01/2021 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट बनाम आस मोहम्मद खां पुत्र अली मुराद खां निवासी वार्ड नं0 8 डा0 नजीर के पास कस्बा व थाना उसैहत बंदायू पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा। अभियुक्त से पूछताछ से जो तथ्य प्रकाश में आये है उनके आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी।

**विवरण पूछताछः-**

अभियुक्त ने पूछताछ मे बताया कि गोरी फन्टा व चन्दन चौकी बार्डर से थारु जाति के लोगो के माध्यम से नेपाल राष्ट्रीय से मादक पदार्थ मंगाता है। जिसका सौदा होने पर महंगी कीमत मे चरस बेच देता हूँ।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-**

1-आस मोहम्मद खां पुत्र अली मुराद खां निवासी वार्ड नं0 8 डा0 नजीर के पास कस्बा व थाना उसैहत बंदायू।

**बरामदगी का विवरणः-**

1- 1100 ग्राम चरस ( अन्तर्राष्टीय बाजार मे कीमत 01 करोड रुपये )

**अपराधिक इतिहासः-**

अभियुक्त आस मोहम्मद खां पुत्र अली मुराद खां निवासी वार्ड नं0 8 डा0 नजीर के पास कस्बा व थाना उसैहत बंदायू मु0अ0सं0 01/2021 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना कलान जिला शाहजहाँपुर

**गिरफ्तारी करने वाली टीमः-**

थानाध्यक्ष श्री दिलीप कुमार सिंह

उ0नि0 मो0 आरिफ

उ0नि0 पंकज चौधरी

का0 2247 सचिन कुमार

कां0 2256 कृष्ण कुमार

कां0 1158 शीलेन्द्र

कां0 2035 बोबी

कां0 2054 विक्रान्त मलिक